an>

Title: Need to construct sluice gates on rivers originating from Nepal and flowing through Bihar.

श्री वीरेन्द्र कुमार चौधरी (झंझारपुर) ः मैं कृषि मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि बिहार राज्य के मधुबनी जिला में नेपाल की तराई से दर्जनों नदियां निकलती हैं, जैसे - बिहुल नदी, कमला नदी, सुगरवे, बछराजा नदी इत्यादि। जिसमें बारहों माह पानी चलता रहता है। बिहार राज्य के मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर संसदीय क्षेत्र 100 प्रतिशत कृषि भूमि उपजाऊ है। लेकिन सिंचाई के अभाव में यहां के किसानों को भुखमरी की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उत्तर बिहार सिर्फ कृषि पर ही आधारित है और सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं है और यहां कृषि के अलावा दूसरा कोई साधन नहीं है। यदि इन सभी नदियों पर जगह-जगह स्लुइस गेट की व्यवस्था कर दी जाती है तो लाखों एकड़ जमीन की सिंचाई हो जाएगी और किसान खुशहाल हो जाएंगे।